# University in News on 23 July 2022

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 8**

## विभागों के कामकाज व रिसर्च को सराहा

### लविवि : नैक टीम ने दूसरे दिन एक दर्जन विभागों का किया निरीक्षण

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में निरीक्षण के लिए आई राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद (नैक) की आठ सदस्यीय टीम ने शुक्रवार को भी एक दर्जन से अधिक विभागों का निरीक्षण किया। टीम के सदस्य विभागों के काम, लैब, शोध कार्य आदि से खासे प्रभावित दिखे। आलम यह रहा कि जहां टीम को आधा घंटे देना था, वहां उन्होंने एक घंटे से अधिक समय दिया। साथ ही विभागों की सराहना भी की।

दूसरे दिन नैक सदस्यों की तीन टीमें अलग-अलग विधि, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, सांख्यिकी, जंतु विज्ञान, शिक्षा शास्त्र, लोक प्रशासन, शारीरिक शिक्षा विज्ञान, पत्रकारिता, हिंदी आदि विभागों में गईं। विज्ञान संकाय के विभागों में उन्होंने शोध कार्यों, प्रोजेक्ट वर्क और लैब को देखा। उन्होंने यह भी जाना कि विभाग समाज के लिए क्या अलग काम कर रहे हैं। स्मार्ट क्लास और पढ़ाई के लिए प्रयोग की जाने वाली अत्याधुनिक तकनीकी व वाई-फाई जोन से वे प्रभावित हुए।



लविवि के कैलाश गर्ल्स हॉस्टल में नैक टीम का स्वागत करतीं छात्राएं। -संवाद

वहीं कला संकाय के विभागों में शिक्षकों और विद्यार्थियों की व्यक्तिगत उपलब्धियों को उन्होंने सराहा। इस क्रम में टीम के सदस्यों ने दोपहर में एजुकेशन विभाग में शिक्षकों के साथ बैठक कर कैंपस इनवायरमेंट की जानकारी ली। नैक टीम के लिए शुक्रवार को दोपहर का भोजन कैलाश गर्ल्स छात्रावास में रखा गया था। खाना खुद कैलाश गर्ल्स व गोल्डेन जुबली गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं ने बनाया और परोसा। आम की खीर नैक टीम के सदस्यों को काफी पसंद आई।

**HINDUSTAN PAGE 6**

निरीक्षण का दूसरा दिनः सदस्यों ने छात्राओं संग मेस में खाना खाया

## नैक टीम ने 'कैलाश' में परखी खाने की गुणवत्ता

लखनऊ प्रमुख संवाददाता। कैलाश छात्रावास की मेस शुक्रवार को एकदम चमक रही थी। डायनिंग टेबल पर नया कवर था। इसके अलावा कतार से सजी प्लेटें रखीं और उस पर कॉटन का नैपकिन सजाकर रखा गया था।

मेस किसी बढ़िया होटल का आभास कर रही थी। नैक की टीम अपने दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को इसी मेस में पहुंची। वहां खड़ी छात्राओं से पूछा कि 'खाना बढ़िया मिलता है..।' छात्राओं ने कहा कि 'जी, बहुत अच्छा खाना मिलता है। यहां की मेस बहुत अच्छी है।' इसके बाद टीम के सदस्यों ने छात्राओं संग मेस में भी खाना खाया।

नैक टीम लखनऊ विश्वविद्यालय का मूल्यांकन कर रही है। शुक्रवार को दूसरा दिन था। टीमों ने वनस्पति विभाग देखा। यहां प्रेजेंटेशन के जरिए वहां के क्रियाकलाप और उपलब्धियां दिखाई गईं। वहां हो रहे शोधों के बारे में जानकारी दी गई। यही नहीं दीवारों पर विभाग की उपलब्धियों का विवरण से भरे पोस्टर और बोर्ड लगे थे। इसके बाद टीम ने भौतिक विज्ञान, सांख्यिकी, जंतु विज्ञान, शिक्षा शास्त्र, लोक प्रशासन, शारीरिक शिक्षा विज्ञान, पत्रकारिता, हिंदी आदि विभागों का निरीक्षण किया। टीम के सदस्यों ने विभागों में विद्यार्थियों को दी जा ही शैक्षिक सुविधाओं के बारे में जाना।

टीमों ने विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट सेल का भी निरीक्षण किया। रोजगार की संभावनाओं के बारे में जाना। इसके साथ कॅरियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग सेल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिस, कॅरियर काउंसलिंग एंड हैप्पी थिंकिंग लैब, एपीजे कलाम सेंटर ऑफ इनोवेशन, फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नोलॉजी, इंस्टिट्यूट ऑफ वाइल्ड लाइफ साइंस का भी निरीक्षण किया। दौरे का शनिवार को आखिरी दिन होगा।



शुक्रवार को एलयू के कैलाश हॉस्टल में नैक टीम ने मेस में भोजन की गुणवत्ता देखी।

**DAINIK JAGRAN PAGE 4**

## लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से नैक ने की वार्ता

**जागरण संवाददाता, लखनऊ** : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) में नैक पियर टीम का निरीक्षण दूसरे दिन भी जारी रहा। टीम ने वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, सांख्यिकी, जंतु विज्ञान, शिक्षाशास्त्र, लोक प्रशासन, शारीरिक शिक्षा, पत्रकारिता व हिंदी विभाग का निरीक्षण किया। इसके अलावा प्लेसमेंट सेल, इंस्टीट्यूट आफ वाइल्ड लाइफ साइंस आदि विभागों का भी दौरा किया। टीम ने परिसर में मौजूद छात्रों और उनके अभिभावकों से भी वार्ता की। बाद में छात्रावास का भ्रमण किया। छात्राओं के लिए तैयार किए गए भोजन को ग्रहण किया। नैक की टीम शनिवार को भी विश्वविद्यालय में रहेगी। वहीं, नेशनल पीजी कालेज में नैक टीम के दो दिवसीय निरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। दूसरे दिन टीम ने स्किल डेवलपमेंट सेंटर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद टीम के चेयरमैन जगदीश कुमार पटनायक ने प्राचार्य प्रो . देवेंद्र कुमार सिंह को अपनी रिपोर्ट दी। साथ ही यह सुझाव दिया कि कालेज में नवाचार के साथ नए कोर्स शुरू किए जाएं।

**HINDUSTAN TIMES PAGE 3**

{ DAY TWO OF VISIT }

## NAAC team relishes lunch made by LU PhD students

HT Correspondent
letters@htlive.com

**LUCKNOW :** A peer team of the National Assessment and Accreditation Council (NAAC) interacted with parents, teachers and students of Lucknow University (LU) on Friday, the second day of their three-day visit, and enquired about facilities provided by the varsity.

An eight-member NAAC team is visiting Lucknow University for evaluation and grading of the century-old varsity.

LU has obtained NAAC grading twice, four of the possible five stars in 2002 and B grade in 2014 and this time they are vying for better grades.

The team went to Kailash Mahila Hostel and had lunch prepared by the PhD scholars of Golden Jubilee Girls Hostel.

The students claimed the team relished the delicacies prepared by them.

Sakshi Singh prepared Niharika Saag, Anjali Mishra made mango kheer, Nikita Singh made fruit truffle (desert), Shikha Pathak cooked matar mushroom, Nimisha Gupta made Dahi Vada while Lipika Bhatt came up with salad.



NAAC team having lunch at Lucknow University's Kailash Mahila Hostel on Day 2 of their visit on Friday. SOURCED

"The girl students had a privilege to serve these delicious foods which were liked by the team," said one of the students.

Later, at the office of dean students' welfare, a meeting was held between NAAC team and international students studying at LU. The team enquired about the hostel facilities and life away from their country.

They also interacted with office bearers of the meritorious student's council.

During the day, the team inspected the departments of Botany, Physics, Statistics, Zoology, Education, Public Administration, Physical Education Science, Journalism and Hindi among others.

The team also inspected Placement Cell, Career Guidance and Counseling Cell, Dean Student Welfare Office, Placement Cell, Career Counseling and Happy Thinking Lab, APJ Kalam Center of Innovation, Institute of Food Processing and Technology, Institute of Wildlife Science.

On day one of the visit on Thursday, LU vice-chancellor Alok Kumar Rai had made an hour-long presentation before the NAAC team, listing out achievements of the university as per NAAC guidelines, research work and publications by teachers and placements of students. Rai had also elaborated on academic reforms in the light of NEP-2020 implementation.

**i-NEXT PAGE 4**

## हॉस्टल जाकर पूछा, 'खाना कैसा मिलता है'

एलयू में नैक टीम के निरीक्षण का दूसरा दिन

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (22 July):** लखनऊ यूनिवर्सिटी में नैक मूल्यांकन के दूसरे दिन नैक टीम के सदस्यों ने यूनिवर्सिटी के हॉस्टलों का दौरा किया. वहां स्टूडेंट्स को मिलने वाली सुविधाओं, खाने और दूसरी चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त की. नैक टीम दूसरे दिन सबसे पहले एलयू के सबसे बड़े गर्ल्स हॉस्टल कैलाश हॉस्टल का निरीक्षण करने पहुंची. टीम के आने से पहले ही कैलाश हॉस्टल को पूरी तरह से चमका दिया गया था. छात्राओं के खाने के डायनिंग टेबल से लेकर हर चीज को सलीके से सजाया गया था. टेबल पर नया कवर होने के साथ ही सभी प्लेट, चम्मचों को कॉटन का नैपकिन से सजाकर रखा गया था. देखकर ऐसा लग रहा था यह एलयू का हॉस्टल का मेस न होकर किसी होटल का रेस्त्रां हो. नैक की टीम के सदस्यों ने इस दौरान वहां खड़ी छात्राओं से पूछा कि खाना बढ़िया मिलता है...तो छात्राओं ने कहा कि जी, बहुत अच्छा खाना मिलता है. इसके बाद टीम के सदस्यों ने छात्राओं के साथ मेस में खाना खाया.



### मेस के बाद जाना विभागों का हाल

नैक टीम ने वनस्पति विभाग देखा, यहां प्रेजेंटेशन के जरिए वहां के क्रियाकलाप और उपलब्धियां दिखाई गई. यही नही दीवारों पर विभाग की उपलब्धियों का विवरण से भरे पोस्टर और बोर्ड लगे थे. इसके बाद टीम ने भौतिक विज्ञान, सांख्यिकी, जंतु विज्ञान, शिक्षा शास्त्र, लोक प्रशासन, शारीरिक शिक्षा विज्ञान, पत्रकारिता, हिंदी आदि विभागों का निरीक्षण किया. टीम के सदस्यों ने विभागों में स्टूडेंट्स को दी जा ही शैक्षिक सुविधाओं के बारे में जाना. स्टूडेंट्स ने बताया कि उन्हें उच्चस्तरीय शिक्षा मिल रही है. प्रैक्टिकल भी होते हैं. रिसर्च करने का पर्याप्त अवसर मिलते हैं. टीमों ने एलयू के प्लेसमेंट सेल का भी निरीक्षण किया. रोजगार की संभावनाओं के बारे में जाना. इसके साथ करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग सेल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिस, कॅरियर काउंसलिंग एंड हैप्पी थिंकिंग लैब, एपीजे कलाम सेंटर ऑफ इनोवेशन, इंस्टीट्यूट आफ फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नोलॉजी, इंस्टिट्यूट ऑफ वाइल्ड लाइफ साइंस का भी निरीक्षण किया. टीम के दौरे का शनिवार को आखिरी दिन होगा.

**PIOEER PAGE 3**

## नैक की टीम ने एलयू सहित नेशनल में खंगाले मानक

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय सहित नेशनल पीजी कालेज के आमंत्रण पर तीन दिवसीय दौरे पर आई नैक की टीम ने दूसरे दिन शुक्रवार को परिसर सहित कई विभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्यों ने एक एक संसाधनों पर बारीकी से नजर डाली। लखनऊ विश्वविद्यालय में नैक टीम आज वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, सांख्यिकी, जंतु विज्ञान, शिक्षा शास्त्र, लोक प्रशासन, शारीरिक शिक्षा विज्ञान, पत्रकारिता, हिंदी आदि विभागों का निरीक्षण किया। इसके बाद इन टीमों ने प्लेसमेंट सेल, कैरियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग सेल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिस, प्लेसमेंट सेल, कैरियर काउंसलिंग एंड हैप्पी थिंकिंग लैब, एपीजे कलाम सेंटर ऑफ इनोवेशन, इंस्टीट्यूट आफ फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नोलॉजी, इंस्टिट्यूट ऑफ वाइल्ड लाइफ साइंस का भी निरीक्षण किया। इसके बाद टीम ने अभिभावकों, शिक्षकों, और छात्रों के साथ भी वार्ता की।

**SWATANTRA BHARAT PAGE 2**

## लखनऊ विश्वविद्यालय की परीक्षा का दूसरा चरण संपन्न

**स्वतंत्र भारत संवाददाता।**

छात्रों की परीक्षा कठिन से कठिन परीक्षा लेने वाले लखनऊ विश्विद्यालय की नैक पियर टीम द्वारा परीक्षा का दूसरा दौर शुक्रवार को संपन्न हुआ। दूसरे दिन भी टीम का विभिन्न विभागों का गुणवत्ता की कसौटी पर कैसे जाने का सिलसिला जारी रहा। पियर टीमों ने वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, सांख्यिकी, जंतु विज्ञान, शिक्षा शास्त्र, लोक प्रशासन, शारीरिक शिक्षा विज्ञान, पत्रकारिता, हिंदी आदि विभागों का निरीक्षण किया। इसके बाद इन टीमों ने प्लेसमेंट सेल, कैरियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग सेल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिस, प्लेसमेंट सेल, कैरियर काउंसलिंग एंड हैप्पी थिंकिंग लैब, एपीजे कलाम सेंटर ऑफ इनोवेशन, इंस्टीट्यूट आफ फूड प्रोसेसिंग



एंड टेक्नोलॉजी, इंस्टिट्यूट ऑफ वाइल्ड लाइफ साइंस का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के उपरान्त टीम ने आज अभिभावकों, शिक्षकों, और छात्रों के साथ भी वार्ता की और उनसे शिक्षण और शिक्षा सम्बन्धी विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। इसके बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार टीम के सदस्य कैलाश महिला छात्रावास गए और छात्राओं द्वारा तैयार किए गए भोजन को भी ग्रहण किया।